## सार-समाचार

### साहित्य संगम की काव्य गोष्ठी आयोजित

**जोधपुर, (कासं)।** शहर की सबसे पुरानी साहित्यिक संस्था साहित्य संगम की ओर से मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन रेलवे स्टेशन रोड स्थित सेठ श्री रघुनाथ दास परिहर धर्मशाला में किया गया। गोष्ठी मेंशहर के प्रतिष्ठित रचनाकारों ने जिंदगी की सच्चाई और इंसानी सोच को अभिव्यक्त करती कविताएं प्रस्तुत की। गोष्ठी में शहर के नामवर शाइर हबीब कैफी ने उसूलमंद व खुद्दार शख्स के हालात को पेश करते हुए गजल, फिर नहीं उठा कभी वह जो नजर से गिर गया, पेश की। लब्ध प्रतिष्ठित कवयित्री पद्मजा शर्मा ने मौजूदा दौर की लड़की के बारे में आम अवाम की नकारात्मक सोच को परिभाषित करती कविता हैरान हैं आप, जब लड़की बदल रही है, सुनाई।कवि नवीन पंछी ने अहमदाबाद विमान त्रासदी पर दुखों का पहाड़ टूटने वाले मुहावरे को संदर्भित करते कविता सवार हो गया था विमान में चुपके से पहाड़ दुखों का भी, मुहावरे से निकलकर ऐसे टूटता है वह...कवयित्रीडॉक्टर सूरज माहेश्वरी ने गजल जब तक आप असर में हैं, तब तक आप खबर में है तथा गजलकार सैयद मुनव्वर अली ने आज के राजनेताओं के नैतिक पतन पर तंज कसते हुए गजल पेश की। उन्होंने सियासी भेड़ियों, थोड़ी बहुत गैरत जरूरी है , किसी मौके पर तवायफ घुंघरू तोड़ देती है प्रस्तुत कर खूब दाद बटोरी। वरिष्ठ साहित्यकार मीठेश निर्मोही ने राजस्थानी कविता मेह और पांवणा के माध्यम से तेजी से बदलते समय के साथ प्रकृति और इंसान की बदली सोच का यथार्थ शब्दांकन किया । इसके अलावा युवा कवि कुलदीप सिंह भाटी ने मां की महिमा को विश्लेषित करती कविता जहां मतलब होता है वहां मां कैसे हो सकती है , वरिष्ठ शाइर रजा मोहम्मद खान ने प्रेमिका की बेवफाई को बयां करतेगजल ख्वाबों में आके यूं सताया ना करो ,जब दिल मिला है, नजरें चुराया ना करो के साथ रंगकर्मी रमेशभाटी ने भी काव्य रचनाएं प्रस्तुत की।

### राधे कृष्ण मंदिर की वर्षगांठ पर भजन संध्या

**पाली, (नि.सं.)।** रोटरी क्लब के सामने अखिल भारतीय देववशीय लोहार समाज भवन में स्थित राधे कृष्ण मंदिर की दशम वार्षिक ध्वजा समारोह के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें पाली जिले के विभिन्न समाज संस्था के सैकड़ो लोगों ने भाग लिया। समाज के अध्यक्ष ताराचंद मालवीय ने बताया कि भजन संध्या में संत जगत नाथ जी महाराज संत देवा वनजी महाराज, श्री दिनेश जी महाराज के सानिध्य में भजन संध्या में देवेंद्र प्रजापत खोड़ मैं विभिन्न भजनों की प्रस्तुति दी। वारी जाऊं मैं बलिहारी जाऊं, आज मारा कानुडा, नगरी हो अयोध्या की, माता रूपाली भजनों की प्रस्तुति दी। साथ ही समाज के प्रदीप मालवीय और लोगों ने प्रस्तुति दी। सुबह जल्दी ध्वज लाभार्थी परिवार द्वारा उसके बाद माला तिलक लाभार्थियों द्वारा करने के बाद आरती की गई। इस अवसर पर राधा कृष्ण सरस्वती गणेश जी प्रतिमा का विशेष फूलों से श्रृंगार किया गया और समाज की आम सभा का आयोजन हुआ, जिसमें सभी समाज बंधुओ को एकता रखने का बल दिया। सभा में समाज के लिए कई निर्णय दिए गए। सभी लाभार्थियों का साफा माला पहनकर स्वागत किया गया। आगामी वर्ष की बोलियां लगाई। सचिव महेंद्र कुमार बूसी, कोषाध्यक्ष राजेश मालवीय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष खेमाराम, जगदीश कुमार, अरविंद पडासला , रवि कुमार, कैलाश मालवीय, अशोक कुमार का सहयोग रहा।

### सेविका समिति का योग प्रदर्शन

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** सेविका समिति जैसलमेर ने "अनवरत योग श्रृंखला" के अंतर्गत एक भव्य योग प्रदर्शन का आयोजन किया। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग के सार्वभौमिक महत्व को उजागर करना और इसे राष्ट्ररक्षा के साथ जोड़ना था। "योग शरीर का रक्षक है, वैसे ही सेना देश की रक्षक है", इसी भावना को ध्यान में रखते हुए, इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सीमा सुरक्षा बल की महिला रक्षकों ने भी योग प्रदर्शन में सक्रिय रूप से भाग लिया। जैसलमेर जिले के लोद्रवा, लाखा, पोकरण और मोहनगढ़ से आई सेविका बहनों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने विभिन्न प्रकार की योग क्रियाओं का प्रदर्शन किया, जिनमें सूर्य नमस्कार भी शामिल था। यह आयोजन इन ठाामीण क्षेत्रों में भी योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक है। कार्यक्रम के दौरान सारिका ने उपस्थित सभी बहनों को योग का पूर्ण महत्व समझाया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण और अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। योग के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ आध्यात्मिक उन्नित भी संभव है।

### विद्यालयों में योग दिवस मनाया

**जोधपुर, (कासं) ।** पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 वायुसेना में ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस बार के योग दिवस की थीम थी एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग। योग केवल एक व्यायाम नहीं बल्कि एक जीवनशैली है जो मन, शरीर और आत्मा को संतुलित करता है । प्रार्थना सभा के दौरान विद्यालय की योग शिक्षिका उर्वशी ने सभी विद्यार्थियों तथा स्टाफ के सभी सदस्यों को प्रोटोकॉल में निर्धारित योग जैसे ताड़ासन,भ्रामरी प्राणायाम,शशांक आसन, वक्रासन, त्रिकोणासन, वज्रासन और अर्धचक्रासन आदि योग का अभ्यास करवाया। विद्यालय प्राचार्य गजेन्द्र जोशी ने इस योग दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी और सभी को जीवन में योग से जुड़े रहने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि योग मनुष्य को स्वस्थ और दीर्घायु बनाता है। कार्यक्रम के अंत में उप प्राचार्य ओ.पी.जांगिड़ ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी प्रकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उम्मेद नगर में ग्यारहवां योग दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया । विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेन्द्र जयपाल ने योग दिवस की महत्ता के बारे में जानकारी दी । शारीरिक शिक्षक रंजना चौहान के दिशा निर्देशन में विद्यार्थियों, शिक्षको व अभिभावकों ने विभिन्न मुद्राओं में योग किया।

### सुन्दरसिंह भंडारी की पुण्यतिथि मनाई

**जालोर, (कासं)।** भाजपा महिला मोर्चा जालोर की ओर से स्मृति कुंज में जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी के नेतृत्व में महिला पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं ने आज स्वर्गीय सुंदर सिंह भंडारी की पुण्यतिथि के अवसर पर सभी ने श्रद्धांजलि दी एवं फोटो पर पुष्प माला पहनाई एवं पुष्प अर्पित किए। जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी ने बताया कि भाजपा के वरिष्ठ नेता और जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक स्वर्गीय सुंदर सिंह भंडारी की पुण्यतिथि आज सादगी और श्रद्धा के साथ मनाई गई। सोलंकी ने बताया कि भंडारी सादा जीवन और उच्च विचार के प्रतीक थे। शांत स्वभाव वाले भंडारी के बाल्य काल से युवा अवस्था तक समाज सेवा के कार्य का वर्णन किया और उन्होंने अपना जीवन राष्ट्र की सेवा में समर्पित कर दिया। इस मौके पर जिला महामंत्री इंदु चौधरी, जिलामहा मंत्री गायत्री, नगर अध्यक्ष पिंकी गहलोत दीपिका, कुसुम, अनीता अनीता, संगीता, पुष्पा अंजू, सौभाग्यवती, लक्ष्मी देवी, नंदा, लता, हेमलता, सोमती, आरती आदि महिलाएं मौजूद थी।

### युवक ने फांसी का फंदा लगाकर जान दी

**जोधपुर, (कासं) ।** जोधपुर के पावटा स्थित रोडवेज बस स्टैंड के बाथरूम में एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर उदय मंदिर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और उसकी बॉडी को कब्जे में लेकर जोधपुर के महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जानकारी के अनुसार पीपाड़ निवासी योगेश (30) पुत्र तेजाराम ने रोडवेज बस स्टैंड के बाथरूम में जाकर फांसी का फंदा लगाकर कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली ।

# उपभोक्ता संरक्षण समिति के चुनाव निर्विरोध संपन्न



उपभोक्ता संरक्षण जन कल्याण समिति जालोर की जिला स्तरीय बैठक विकास भवन भीनमाल में जिला अध्यक्ष नरेश सुखाडिया की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुमान सिंह राव के निर्देशन में आयोजित की गई। फोटो-राष्ट्रदूत

**भीनमाल, (निसं)।** उपभोक्ता संरक्षण जन कल्याण समिति जालोर की जिला स्तरीय बैठक विकास भवन भीनमाल में जिला अध्यक्ष नरेश सुखाडयि की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुमान सिंह राव के निर्देशन में आयोजित की गई।

समिति के जिला अध्यक्ष नरेश सुखाडयि ने बताया कि उपभोक्ता को सभी अधिकार प्राप्त हैं मगर जानकारी के अभाव में उनका शोषण होता है शोषण से मुक्ति हेतु प्रत्येक उपभोक्ता को उपभोक्ता आंदोलन से जुडकर अपने अधिकारों को जानना होगा समिति इसी उद्देश्य को लेकर कार्यशील है। समिति महासचिव धर्मदान चारण ने बताया कि उपभोक्ता आंदोलन को और अधिक प्रभावी बनाए जाने हेतु प्रत्येक तहसील के ग्रामीण स्तर पर उपभोक्ताओं को उपभोक्ता आंदोलन से जोडा जाएगा।

इस के लिए समिति की गतिविधि एवं कार्यक्रमों का पंचांग जारी कर उसके अनुसार पूरे जिले में समान रूप से कार्य को गति दी जायेगी। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुमान सिंह राव ने बताया कि सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत सरकारी व अर्द्ध सरकारी विभागों में जो कार्य होते हैं उनका लेखा-जोखा देखने का प्रत्येक उपभोक्ता को अधिकार है व उपभोक्ता का जागरूक होना आवश्यक है।

बैठक में नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन निर्विरोध किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष डॉ. नरेश सुखाडयि, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुमान सिंह राव, उपाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, करण सिंह राव सांचौर, भोपाल सिंह दुधवा, श्रीमती शशि कंवर भैसवाडा , डॉ. हेमंत शर्मा, महिपाल सिंह राजपुरोहित जालौर, डॉ. रमेश देवासी, डॉ.जे आर गेंवा, महासचिव धर्मदान चारण केर, सचिव आसुराम सेन रानीवाडा, गजेंद्र सिंह करोला, उत्तम संघवी, नरेंद्र कुमार बठर सांचौर, पारस मल सोनी, कोषाध्यक्ष दिनेश सोनी, संगठन सचिव, साबिर चौहान, कृष्ण कुमार राजपुरोहित, गोपाल जीनगर, शेखर शर्मा सांचौर, प्रचार सचिव राजूराम पुरोहित, संदीप फुलवरिया, भेरूलाल जीनगर जालौर, सुकाराम प्रजापत, प्रवक्ता मानक मल भंडारी वरिष्ठ पत्रकार, ललित होंडा पत्रकार, कानूनी सलाहकार निरंजन व्यास एडवोकेट भंवर पाल सिंह रोहिण एडवोकेट, किशोर फुलवारिया एडवोकेट, सलाहकार रघुवीर सिंह चारण, भीनमाल तहसील अध्यक्ष किशोर सांखला, रानीवाडा तहसील अध्यक्ष हनुमान चौधरी, सांचौर तहसील अध्यक्ष सांवलाराम माली, बागोडा तहसील अध्यक्ष अर्जुन सिंह राव, सांचौर नगर अध्यक्ष अर्जुन सिंह राठौड, भीनमाल नगर अध्यक्ष पारसमल माली को मनोनीत किया गया तथा शेष तहसील एवं नगर अध्यक्षों के पदों को शीघ्र भरा जाएगा।

इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, करण सिंह राव सांचौर, भोपाल सिंह दुधवा, डॉ. जे आर गेवा, आसुराम सेन रानीवाडा, गजेंद्र सिंह करोला, नरेंद्र कुमार बठर सांचौर, पारस मल सोनी, दिनेश सोनी,साबिर चौहान, कृष्ण कुमार राजपुरोहित, सुकाराम प्रजापत, शेखर शर्मा सांचौर, राजूराम पुरोहित, संदीप फुलवरिया,भंवर पाल सिंह रोहिण एडवोकेट, किशोर फुलवारिया एडवोकेट, किशोर सांखला, हनुमान चौधरी, सांवलाराम माली, अर्जुन सिंह राव, अर्जुन सिंह राठौड, पारसमल माली घेवरचंद परमार, भागीरथ पोरवाल, आम सिंह राव, करणा राम प्रजापत सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सर्किट हाउस में संसदीय कार्य मंत्री ने समस्याएं सुनी

**जोधपुर, (कासं) ।** राज्य सरकार द्वारा आमजन से संवाद और समाधान की दिशा में चलाए जा रहे प्रयासों के तहत रविवार को सर्किट हाउस, जोधपुर में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने लोगों की समस्याएं विस्तार से सुनीं। उन्होंने प्रत्येक परिवाद को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध और प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए।

पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना के साथ प्रदेश को समावेशी और संवेदनशील प्रशासन की ओर अठासर कर रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक राहत पहुंचे और उसका जीवन सुगम बने।

पटेल ने जनसेवा में लगे सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पूर्ण संवेदनशीलता, निष्पक्षता और तत्परता के साथ कार्य करें।

उन्होंने दोहराया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही या विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। सुशासन की भावना तभी साकार होगी जब जवाबदेही और पारदर्शिता दोनों सुनिश्चित हों। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को शासन की नीति का संवाहक बनना चाहिए। केवल आदेशपालक नहीं।

पटेल ने कहा कि जनसुनवाई केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शासन और जनता के बीच सेतु है। इसका उद्देश्य न केवल समस्याएं सुनना है, बल्कि नागरिकों को यह विश्वास दिलाना भी है कि सरकार उनकी आवाज़ सुनती है और उस पर गंभीरता से कार्य करती है। स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, बिजली, सड़क, सामाजिक सुरक्षा और राजस्व जैसी आधारभूत सेवाएं हर नागरिक का हक हैं, और इन्हें सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है।

जनसुनवाई के दौरान उच्च शिक्षा, पंचायतीराज, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, राजस्व, सार्वजनिक निर्माण, विद्युत वितरण, स्वायत्त शासन और जलापूर्ति जैसे विभागों से संबंधित परिवाद प्रस्तुत किए गए। हर प्रकरण को पटेल ने व्यक्तिगत रूप से सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

## कुड़ी भगतासनी में सड़क कार्य का शिलान्यास

**जोधपुर, (कासं) ।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार को संगम नगर, चामुंडा मंदिर परिसर में जोधपुर विकास प्राधिकरण की कुड़ी भगतासनी में रामेश्वर नगर में सड़क निर्माण कार्य लागत राशि 90.83 लाख रूपये और कुड़ी के संगम नगर में सड़क निर्माण कार्य लागत राशि 86.80 लाख रूपये का विधिवत शिलान्यास किया।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सड़क तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा विकसित राजस्थान के निर्माण में बेहतर सड़क तंत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पटेल ने कहा बजट में सड़क तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन के लिए 7 हजार 690 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। उन्होंने कहा प्राथमिकता के आधार पर क्रमिक रूप से क्षेत्र की सभी सड़कों का निर्माण करवाया जा रहा है।

कार्यक्रम में तहसीलदार कुड़ी श्रीमती कुटेंद्र राठौड़, जेडीए के अधिशाषी अभियंता सुबोध माथुर, सहायक अभियंता जितेन्द्र मेवाड़ा, गिरवर सिंह शेखावत, अमर चन्द रावल, हेमाराम चौधरी, दिनेश सिंह राजपुरोहित, छोटूसिंह राठौड़, छोटूसिंह राठौड़, भागीरथ भादू, राकेश विश्नोई, खींवराज जांगिड़ सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# ईदगाह में पौधारोपण किया



जालोर के ईदगाह परिसर में अल्पसंख्यक अधिकारी व कर्मचारियों ने पौधारोपण किया। फोटो राष्ट्रदूत

**जालोर, (कासं)।** जालोर शहर के ईदगाह में रविवार को अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारियों की और से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी को अधिकाधिक पेड लगाने की अपील की गई।

शहजाद खान सीनियर नर्सिंग ऑफिसर ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार ईदगाह में अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारियों ने पौधारोपण कर प्रकृति के महत्व एवं पर्यावरण का सन्देश दिया । ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए सभी को अपने आस पास अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए और प्रकृति के प्रति सदैव कर्तव्य होकर उसकी रक्षा करनी चाहिए ।

सभी लोगों को पौधारोपण में बढ चढकर हिस्सा लेना चाहिए। ईदगाह में नीम, कनेर, रेलियां सहित विभिन्न प्रजाति के कुल 11 पौधे लगाए गए । साथ ही पौधों को नियमित रूप से पानी देने का सभी ने संकल्प लिया गया। इस अवसर पर श्रमदान भी किया गया। वही सभी ने आव्हान किया कि प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए।

## बस स्टैंड पर सांसद चौधरी के पहुंचने से खुश हुए लोग

**रेवदर , (निसं)।** सिरोही से उदयपुर के लिए बस नहीं होने की शिकायत पर जालोर सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी सिरोही बस डिपो पहुंचे। सांसद चौधरी के पास रविवार को छात्र ने फोन करके बताया कि छात्रों की सोमवार को फस्ट ग्रेड अध्यापक की परीक्षा होने के कारण काफी छात्र बस नहीं होने के कारण परेशान हो रहे हे,ये शिकायत सुनते ही सांसद चौधरी तुरंत बस डिपो पहुंचकर रोडवेज के मुख्य प्रबंधक यशवंत राज सिंघानिया को फोन पर बात की एवं तहसीलदार को भी मौके पर बुलाकर बस के लिए व्यवस्था करने को कहा।इस पर उप प्रबंधक ने तुरंत 2 बस की व्यवस्था कर छात्रों को उदयपुर परीक्षा के लिए भेजा गया।बस स्टैंड पर जब छात्र विरोध कर रहे थे वहां छात्रों के फोन पर सांसद के तुरंत पहुंचने पर छात्रों के विरोध के शूर खुशी में बदल गए और सांसद चौधरी के जिंदाबाद के नारे लगाए।बस की व्यवस्था होने पर छात्रों ने सांसद लुंबा राम चौधरी का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सिरोही नगर मंडल अध्यक्ष चिराग रावल,नगर महामंत्री कैलाश मेघवाल उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण महासभा के लोगों ने खुशी का इजहार किया

**बालोतरा, (निसं)।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित केसरी चंद शर्मा व बालोतरा जिला अध्यक्ष रमेश त्रिवेदी के अनुशंसा पर प्रदेश महिला अध्यक्ष अरुणा गौड द्वारा गरिमा सिंह राजपुरोहित (पूर्व प्रधान) को राजस्थान ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ का बालोतरा जिला अध्यक्ष मनोनीत करने पर सभी ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी व ब्राह्मण बंधुओं ने खुशी का इजहार किया है तथा गरिमा सिंह राजपुरोहित को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

जिला अध्यक्ष रमेश त्रिवेदी ने कहा कि गरिमा सिंह राजपुरोहित सामाजिक पृष्ठभूमि एवं ब्राह्मण महासभा के लिए उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए मनोनीत किया है। ब्राह्मण महासभा के वरिष्ठ नेता श्री सियाराम शर्मा ने कहा कि महिला प्रकोष्ठ जिला बालोतरा अब कुशल महिला के जिला अध्यक्ष बनने पर राजस्थान में राजस्थान ब्राह्मण महासभा से महिलाओं का और भी जुडा बढेगा वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, वरिष्ठ ब्राह्मण नेता अशोक शर्मा, बालोतरा शहर ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण अवस्थी, बालोतरा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष गोपाराम पालीवाल, समदडी ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र कुमार दवे, सिवाना ब्लॉक अध्यक्ष हनुमान प्रसाद दवे, सिणधरी ब्लॉक अध्यक्ष बाबू सिंह राजपुरोहित, पायला कला ब्लॉक अध्यक्ष गोपी लाल गौड, बायतु ब्लॉक अध्यक्ष श्यामलाल गौड, गिडा ब्लॉक अध्यक्ष मनोहर पंचारिया, पटौदी ब्लॉक अध्यक्ष हनुमान सिंह राजपुरोहित, कल्याणपुर ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण सिंह राजपुरोहित सहित सभी ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी व कांतिलाल व्यास, नरेश शर्मा, अशोक पालीवाल, प्रेमसुन्दर पंचारिया, अशोक पालीवाल, रणजीत राजपुरोहित, ममता दवे, राधारानी शर्मा, अनीता शर्मा, बधाई प्रेषित की व खुशी का इजहार किया।

## सुमित गोदारा आज बालोतरा दौरे पर

**बालोतरा, ( निसं)।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर बालोतरा आएंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खाद्य मंत्री सुमित गोदारा सोमवार बीकानेर से प्रात: 7.30 बजे प्रस्थान कर 11 बजे बालोतरा पहुंचेगें। वे बालोतरा पहुंच भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्य म में भाग लेगें।

इसके पश्चात वे दोहपर 12 बजे जिला कलक्टर सभागार में जिला स्तरीय अधिकरियों के साथ गिव अप अभियान, खाद्य सुरक्षा पोर्टल पर लम्बित वर्ष 2022 तथा 2025 के आवेदनों के निस्तारण की गुणवत्ता की समीक्षा, नये जुडे लाभार्थियों की आधार सीडिंग तथा ई-केवाईसी की स्थिति, राशन डीलरों के बकाया कमीशन तथा परिवहनकर्ताओं के बकाया बिल भुगतान स्थिति की समीक्षा करेगें।

बैठक के पश्चात दोपहर 1.30 बजे वे प्रेस वार्ता कर मीडिया से रूबरू होगें। वे दोपहर 1.45 बजे डाक विश्राम कर दोपहर 2.30 बजे बाडमेर के लिए प्रस्थान करेगें।

# लोकतंत्र सेनानियों ने विधि मंत्री से मुलाकात की



लोकतंत्र सेनानियों का एक शिष्टमंडल विधि मंत्री जोगाराम पटेल से सर्किट हाउस में मिला।

**जोधपुर, (कासं) ।** आपातकाल (1975-77) के लोकतंत्र सेनानियों का एक शिष्टमंडल आज विधिमंत्री जोगाराम पटेल से सर्किट हाउस में अनोपचारिक भेंट कर "राजस्थान लोकतंत्र सेनानी सम्मान नियम " का प्रारूप सौंपा। लोकतंत्र सेनानी संघ के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष देवराज बोहरा के नेतृत्व में मंत्री जोगाराम पटेल से मिले शिष्टमंडल में जुगल तापडिया, जिला संयोजक किशन बिड़ला, सुरेश व्यास, राजेन्द्र शर्मा (फलौदी) आदि अन्य लोकतंत्र सेनानी सहित भाजपा देहात जिलाध्यक्ष त्रिभुवनसिंह भाटी भी उपस्थित थे। बोहरा ने बताया कि विधिमंत्री पटेल ने नियमों को पढ़कर कहा कि वे शीघ्र ही विधि विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर इन नियमों को अंतिम रूप प्रदान करेंगे।

## योग जीवन जीने की कला है : चन्द्रप्रभ सागर

**जोधपुर, (कासं) ।** राष्ट्र-संत चन्द्रप्रभ सागर महाराज ने कहा कि योग जीवन जीने की वह कला है जो हमें स्वास्थ्य, शांति और सफलता प्राप्त करने में हमारे लिए माइल स्टोन का काम करता है। अध्यात्मिक विकास के साथ समठा विश्व के प्रति सद्भाव रखना योग का मूल दृष्टिकोण है। पूरे परिवार के साथ प्रतिदिन योगाभ्यास करने से पारस्परिक रिश्तों में सुधार आता है, वहीं हमें एक-दूसरे को समझने की गहरी दृष्टि मिलती है। बिमारी से घिरे लोग मात्र 21 दिन तक लगातार योगाभ्यास कर लें तो उन्हें यह विश्वास अवश्य हो जाएगा कि उन्होंने योग का मार्ग अपनाकर कोई गलती नहीं की है। संत प्रवर रविवार को कायलाना रोड स्थित संबोधि धाम में योग दिवस पर आयोजित योग: जीवन जीने की कला विषय पर साधकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आनंदपूर्वक कर्म करना कर्मयोग है, प्रभु को दिल में बसाकर रखना भक्तियोग है, होश और बोधपूर्वक जीना ज्ञानयोग है। इन तीनों योगों को जीवन में उतार लेना संबोधि योग है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद से शरीर के दोष दूर होते हैं, व्याकरण से भाषा के दोष दूर होते हैं और योग से मन के दोष दूर होते हैं। योग के आठों चरणों को जीवन के साथ जोड़ा जाए तो तन, मन और चेतना तीनों को निर्मल निर्दोष रखने में शत-प्रतिशत सफलता पाई जा सकती है। योग का काम ही तन, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य बिठाना है। वीणा के तारों की तरह जीवन को संगीतमय बनाने के लिए घर-घर में योग की ज्योति प्रज्वलित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि योगमय जीवन जीना ही हमारा उद्देश्य हो। योग दिवस पर हमें 5 यम-नियम के पालन का संकल्प लेना है कि हम दूसरों को पीड़ा नहीं देंगे, झूठ नहीं बोलेंगे, चोरी नहीं करेंगे, व्यभिचार और बिना जरूरत की चीजों का संठाह नहीं करेंगे। स्वच्छता को न केवल शरीर के साथ बल्कि धरती के साथ भी लागू करेंगे। एक धरती - एक स्वास्थ्य, इसे जीवन का लोगों बनाते हुए पर्यावरण के प्रति जागरूक रहेंगे, गंदगी न स्वयं करेंगे और न दूसरों को करने देंगे। राष्ट्र-संत ने आसनों के अभ्यास के साथ स्वावलम्बी जीवन जीने पर जोर दिया। उन्होंने कहा अपना काम खुद करने की आदत डालें।

वाहन, वाशिंग मशीन और कामवाली बाइयों की सेवा लेने का मतलब यह नहीं कि हम अपने हाथ-पाँवों से काम लेना ही बंद कर दें। सप्ताह में एक दिन ही सही, साइकिल अवश्य चलाएं। फास्ट फूड और शाही भोजन तभी लें जब उसे पचाने के लिए अच्छी मेहनत या व्यायाम करते हों। उन्होंने कहा कि योग का सातवाँ चरण धारणा वास्तव में मानसिक एकाठाता है। प्रयास पूर्वक किया गया ध्यान धारणा है, जबकि अनायास घटित होने वाली एकाठाता ध्यान है। ध्यान ही वह मार्ग है जो हमारे मांइड को बेलेन्स करता है, पीस ऑफ माइन्ड को फलीभूत करता है। समाधि का मतलब है हर परिस्थिति में मन को सहज, समतामय बनाये रखना। सभी प्राणियों को समदर्शिता के भाव से देखना ही समाधि है।

# विद्युत समस्याओं पर चर्चा की

**पोकरण, (कासं)।** जोधपुर विद्युत वितरण निगम के संभागीय मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार जोशी ने पोकरण प्रवास के दौरान स्थानीय कार्यालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत समस्याओं की समीक्षा की। बैठक में शहर के गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और मौजूदा समस्याओं से मुख्य अभियंता को अवगत कराया।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद दिनेश व्यास ने शहर में क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों को बदलने की मांग रखी। उन्होंने यह भी शिकायत की कि नागरिक और जनप्रतिनिधि जब विभागीय अधिकारियों को फोन करते हैं, तो वे कॉल नहीं उठाते, जिससे समस्या और गंभीर हो जाती है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि स्टोर में आवश्यक मटेरियल की कमी होने के कारण कई बार मरम्मत और समस्या निस्तारण समय पर नहीं हो पाता, जिसकी जानकारी कई बार उच्च अधिकारियों को दी जा चुकी है। समाजसेवी महेश पुरोहित ने भी सुझाव दिया कि एफआरटी टीम में संसाधनों और कर्मचारियों की कमी के कारण उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान समय पर नहीं हो पा रहा है। बैठक में अधिकारी सोनम दत्त (एक्सईएन), अशोक कुमार (एआईएन), मनीष कुमार, राहुल जेईएन, और एफआरटी कंपनी से योगेश कुमार एवं आशिक तंवर उपस्थित रहे। मुख्य अभियंता जोशी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि आमजन को भीषण गर्मी में बिजली से जुडी परेशानियों से राहत दिलाना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को सजगता और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए ताकि नागरिकों को समय पर राहत मिल सके।

## योग प्रशिक्षण शिविर का समापन

**जालोर, (कासं)।** अखिल भारतीय सिंघवी भाईपा संगठन एवं एम डी योगा सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 21 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन कायलाना रोड सिद्धार्थ इंटरनेशनल गार्डन जोधपुर में आयोजित किया गया। योग प्रशिक्षक मुकेश डागा एवं मधु डागा ने योगार्थियों को योगासन सिखाए गए। संगठन के अध्यक्ष विनोद सिंघवी, शैलेश सिंघवी, कुलदीप सहित करीब 251 योगार्थियों ने योग शिविर हरित संगम में भाग लेकर नई ऊर्जा स्वस्थ शरीर निरोगी रहने के लिए योग किया।

## नर्सिंग कॉलेज में कॅरियर गाइडेंस सेमीनार का आयोजन

**जालोर, (कासं)।** पेसिफकि यूनिवर्सिटी उदयपुर एवं संस्कार एजुकेशन जालोर के संयुक्त तत्वावधान में शहर स्थित संस्कार एजुकेशन सभागार में 12वीं के बाद क्या करें' थीम पर करियर गाइडेंस सेमीनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पेसिफकि यूनिवर्सिटी उदयपुर से करियर काउंसलिंग की विषय विशेषज्ञों की टीम एवं राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय के प्राचार्य एवं करियर काउंसलिंग विशेषज्ञ डॉ.पवन ओझा द्वारा मेडिकल और नर्सिंग पैरामेडिकल सहित अन्य क्षेत्र में विभिन्न करियर एवं रोजगार के अवसरों से विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया। रोटरी क्लब जालोर के अध्यक्ष चेतना श्रीमाली ने बताया कि सफलता मेहनत और ज्ञान से ही अर्जित की जाती है। कुछ लोग मेहनत तो खूब करते है। लेकिन ज्ञान के अभाव के कारण वो सफलता अर्जित नहीं के पाते है ।यहाँ ज्ञान का अर्थ प्रतिदिन कुछ नया सीखने और अभ्यास करने से है